भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2293**
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 05 अगस्त, 2024
14 श्रावण, 1946(शक)

**पुरातात्विक महत्व के स्थानों का विकास**

**2293. श्री उम्मेदा राम बेनीवाल:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की राजस्थान राज्य में पुरातात्विक महत्व के स्थानों के विकास हेतु कोई कार्य योजना है;और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संस्कृतिऔर पर्यटन मंत्री**
**(श्री गजेन्द्र सिह शेखावत)**

(क) और (ख) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पूरे देश में संरक्षित स्मारकों और स्थलों का संरक्षण और रख-रखाव का कार्य करता है जिसमें पेयजल, शौचालय ब्लाक,रास्ते और लैंडस्कैपिंग आदिजैसी सुविधाओं का प्रावधान भी शामिल है । इनमें से 163 संरक्षित स्मारक और स्थल राजस्थान राज्य में हैं । स्मारकों और पुरातत्वीय स्थलों का संरक्षण और रख-रखाव एक सतत् प्रक्रिया है और इसे स्मारकों की आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है।

*****